Email ID : eecdkaushambi@gmail.com

# उत्तर प्रदेश जल निगम(ग्रामीण)

अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण),

मंझनपुर, कौशाम्बी– 212207

पत्रांक : 2121 / M-8 / 50 दिनांक : 13/05/26

सेवा में,


मुख्य अभियन्ता(ग्रामीण),
उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण),
लखनऊ।

विषय– **तरूणमित्र में प्रकाशित खबर के निस्तारण के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक तरूणमित्र में प्रकाशित समाचार **''गम्भीरा पूरब में सी0डी0ओ0 का निरीक्षण, पेयजल और सिंचाई व्यवस्था पर सख्त निर्देश''** के सन्दर्भ में सादर अवगत कराना है कि जल जीवन मिशन कार्यकम के अन्तर्गत विकास खण्ड– सिराथू में स्थित गम्भीरा पूरब पेयजल योजना से जलापूर्ति की जा रही है ग्राम के एक क्षेत्र में लगभग 25 घरों में पाइप लाइन चोकेज होने के कारण जलापूर्ति नहीं हो पा रही है। योजना पर पाइप लाइन चोकेज मरम्मत का कार्य प्रगति पर है। जिसे 30 मई, 2026 तक सही कराकर सभी घरों में नियमित जलापूर्ति प्रारम्भ कर दी जायेगी।

सादर सूचनार्थ प्रेषित है।



भवदीय

अधिशासी अभियन्ता

पृ0सं0 एवं दिनांक यथोपरि।

प्रतिलिपि–

1. अधिशासी निदेशक महोदय, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन लखनऊ।
2. मुख्य अभियन्ता(का0क्षेत्र), उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), कानपुर।
3. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), प्रयागराज।
4. श्री सुनील कुमार सिंह, सहायक अभियन्ता एवं श्री श्रीचन्द्र जूनियर इंजीनियर को इस निर्देश के साथ की व्यक्तिगत ध्यान देते हुये सभी घरों में जलापूर्ति बहाल कराना सुनिश्चित करें।
5. मेसर्स बाबा जी0ए0 इन्फ्रा(जे0वी0) को इस निर्देश के साथ प्रेषित की त्वरति गति से मरम्मत कार्य पूर्ण कराते हुये ससमय नियमित क्लोरीनेशन युक्त जलापूर्ति प्रारम्भ करायें।

अधिशासी अभियन्ता

# गम्भीरा पूरब में सीडीओ का निरीक्षण, पेयजल और सिंचाई व्यवस्था पर सख्त निर्देश

## सात घंटे में भर रही पानी की टंकी, 40 फीसदी घरों तक नहीं पहुंच रहा पानी,नारा माइनर में एक सप्ताह में टेल तक पानी पहुंचाने के आदेश

By Rohit Tiwari
May 12, 2026 11:02 PM IST



**कौशाम्बी**। जिले के मुख्य विकास अधिकारी विनोद राम त्रिपाठी ने मंगलवार को विकास खंड सिराथू की ग्राम पंचायत गम्भीरा पूरब का स्थलीय निरीक्षण कर विकास कार्यों की हकीकत परखी। निरीक्षण के दौरान उन्होंने जल जीवन मिशन, मॉडल तालाब तथा सिंचाई व्यवस्था का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को तत्काल सुधारात्मक कार्रवाई के निर्देश दिए।निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने

जल जीवन मिशन के अंतर्गत निर्मित पानी की टंकी एवं उससे



जल जीवन मिशन के अंतर्गत निर्मित पानी की टंकी एवं उससे संचालित पेयजल व्यवस्था का गहन अवलोकन किया। ग्रामवासियों ने उन्हें बताया कि पानी की टंकी भरने में करीब सात घंटे का समय लग जाता है, जिसके कारण गांव के लगभग 40 प्रतिशत घरों तक नियमित पेयजल आपूर्ति नहीं हो पा रही है। कम प्रेशर एवं विलंब से टंकी भरने के चलते लोगों को दैनिक उपयोग के लिए पानी की समस्या झेलनी पड़ रही है।

ग्रामीणों की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए मुख्य विकास अधिकारी ने अधिशासी अभियंता जल निगम को निर्देशित किया कि पेयजल आपूर्ति लाइन एवं प्रेशर की तत्काल तकनीकी जांच कराई जाए और समस्या का शीघ्र समाधान सुनिश्चित किया जाए, ताकि प्रत्येक घर तक सुचारु रूप से पानी पहुंच सके।इसके बाद उन्होंने ग्राम पंचायत स्थित मॉडल तालाब का निरीक्षण किया। इस दौरान जिला पंचायत राज अधिकारी, खंड विकास अधिकारी सिराथू तथा सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) को निर्देश दिए कि तालाब की विधिवत पैमाइश कराकर उसका वास्तविक क्षेत्रफल निर्धारित कराया जाए। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप तालाब को आदर्श मॉडल तालाब के रूप में विकसित किया जाए। तालाब के सौंदर्यीकरण, साफ-सफाई और जल संरक्षण संबंधी कार्यों को प्राथमिकता पर कराने के निर्देश भी दिए गए।

निरीक्षण के दौरान ग्रामीणों ने नारा माइनर के अंतिम छोर तक सिंचाई के लिए पानी न पहुंचने की समस्या भी उठाई। किसानों ने बताया कि पानी न मिलने से खेती प्रभावित हो रही है और सिंचाई के लिए परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

मुख्य विकास अधिकारी ने अधिशासी अभियंता



इस पर मुख्य विकास अधिकारी ने अधिशासी अभियंता सिंचाई को तत्काल माइनर की जांच कर आवश्यक मरम्मत एवं सफाई कार्य कराने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि एक सप्ताह के भीतर हेड टू टेल तक पानी पहुंचना सुनिश्चित किया जाए, जिससे किसानों को समय पर सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी मिल सके।

सीडीओ ने यह भी निर्देश दिए कि अब तक टेल तक पानी न पहुंच पाने के लिए जिम्मेदार अधिकारी एवं कर्मचारियों की जवाबदेही तय की जाए।निरीक्षण के दौरान अधिशासी अभियंता जल निगम, जिला पंचायत राज अधिकारी, खंड विकास अधिकारी सिराथू, सहायक विकास अधिकारी तथा सहायक अभियता लघु सिंचाई सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। ब्रेकिंग न्यूज़ अलर्ट

संबंधित खबरें



भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मराज मौर्य का सपा पर तीखा हमला

Published On 11 May 2026 17:56:32




वन स्टॉप सेंटर में किशोरी ने फांसी लगाकर दी जान, परिजनों के ठुकराने के बाद सेंटर में रह रही थी बालिका

Published On 12 May 2026 10:19:19